हादसा | चालक वाहन छोड़कर फरार, घानाघाट में सड़क पार करते समय हादसा

तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

डिंडोरी, नवभारत 30 जुलाई। जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर ग्राम घानाघाट में गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 62 वर्षीय वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया, हालांकि समनापुर तिराहे के पास कार खराब होने पर वह उसे छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम धनुआसागर निवासी मीराबाई राठौर (62) गुरुवार शाम करीब 6 बजे ऑटो से अपनी पुत्री से मिलने घानाघाट जा रही थीं।

ऑटो से उतरने के बाद सड़क पार कर रही थी

बताया जाता है कि ऑटो से उतरने के बाद जैसे ही वह सड़क पार कर रही थीं, तभी अमरकंटक की ओर से तेज गति से आ रही एक महिंद्रा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मीराबाई की मौके पर ही मौत हो गई।

क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल

घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने घानाघाट क्षेत्र में गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय, चेतावनी संकेतक एवं लापरवाह वाहन

चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोपी चालक पर हिट एंड रन सहित संबंधित धाराओं में सख्त कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है।

समनापुर तिराहे के पास कार हो गई थी खराब

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक वाहन रोकने के बजाय डिंडोरी की ओर भाग निकला। समनापुर तिराहे के पास कार अचानक खराब हो गई, जिसके बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

नवनिर्मित भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

गुरु पूर्णिमा पर सांदीपनि विद्यालय राई को मिली नई सौगात

शहपुरा नवभारत 30 जुलाई। विकासखंड मेहंदवानी के सांदीपनि विद्यालय राई के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेंद्र जाटव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण कर

उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

गुरुजनों का किया गया सम्मान-कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुजनों का सम्मान किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। साथ ही उपस्थित सभी जनों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जागरूक जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

समाज के विकास की आधारशिला है शिक्षा : धुर्वे

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय राई का नवनिर्मित भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा तथा उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शराब के नशे में शिक्षक का वीडियो वायरल

शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं

डिंडौरी, नवभारत 30 जुलाई। जिले के डिंडोरी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला महावीर टोला, ग्राम कुंडा से एक शिक्षक का कथित रूप से शराब के नशे में होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है, लेकिन मामले ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। प्रदेश सरकार एक ओर नशा मुक्ति अभियान पर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित

कर रही है और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में यदि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक के शराब के नशे में होने के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न केवल शिक्षक की जिम्मेदारी पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र होता है। यदि शिक्षक ही अनुशासन और आदर्श प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव विद्यार्थियों पर पड़ना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित शिक्षक के साथ-साथ निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

सारंगढ़ की रामवती ने हासिल किया प्रथम स्थान

वनांचल के रसोइयों ने पाक कला का किया शानदार प्रदर्शन

अमरपुर नवभारत 30 जुलाई। विगत दिवस प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम परिषद भोपाल के आदेशानुसार जिला पंचायत डिंडौरी के निर्देशन तथा जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा जनपद स्तरीय प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत कुक कम हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण अजिविका मिशन अमरपुर अमदरी के सभा गृह आयोजित किया गया।

इसमें जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत तीस स्वसहायता समूहों की रसोइयों ने हिस्सा लिया। रसोइयों के द्वारा मोटे अनाज पर स्वादिष्ट पौष्टिक व्यंजन अपने-अपने घरों से लेकर उपस्थित हुए, वहीं पर अमरपुर की वनांचल में स्थित एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ की रसोईया रामवती यादव ने मोटे अनाज एवं अन्य सत्ताईस प्रकार के व्यंजन बनाकर पाक कला का प्रदर्शन कर विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित कर पांच हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर ग्राम सारंगगढ़ का मान बढ़ाया।

किसलपुरी की यशोदा रहीं दूसरे स्थान पर

दूसरे स्थान पर यशोदा बर्मन किसलपुरी, सुमरिन बाई धूमकेती, तीसरे स्थान पर राजेश्वरी मसराम खम्हरिया, किरण धुर्वे ग्राम छपरी, इसी तरह तीन रसोईयों को एक-एक हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र हन्नू सिंह पट्टा जनपद अध्यक्ष, मालती तिवारी, कृष्णकुमारी बरोतिया, रामकिशोर ठाकुर जनपद सदस्य, देवेंद्र दीक्षित विकासखंड अकादमिक समन्वयक के हाथों से वितरित कर सभी को सम्मानित किया गया।

माध्यमिक स्कूल में बांटे गए कम्पास बॉक्स

शहपुरा नवभारत 30 जुलाई। जिले के शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदवाही स्थित माध्यमिक शाला बहेरा टोला में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार कक्षा 6वीं के सभी नामांकित छात्र-छात्राओं को उपयोगी अध्ययन सामग्री के रूप में कम्पास बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए गुरु पूर्णिमा पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को अनुशासित रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिले- पावन पर्व के दिन शैक्षणिक उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत चंदवाही व बहेरा टोला क्षेत्र के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अवैध अनाज खरीद-फरोख्त का आरोप

ग्राम चिल्हारी में मंडी राजस्व को लाखों की क्षति

चिल्हारी नवभारत 30 जुलाई। मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में इन दिनों कथित रूप से अवैध अनाज खरीद-फरोख्त का कारोबार खुलेआम संचालित होने के आरोप सामने आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों से किसानों का अनाज बिना वैधानिक मंडी प्रक्रिया के खरीदा जा रहा है और बाद में उसे अन्य स्थानों पर ले जाकर अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इससे शासन को मंडी शुल्क के रूप में मिलने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अनाज की खरीद-बिक्री होने के बावजूद संबंधित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो मंडी बोर्ड को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व नुकसान का मामला सामने आ सकता है।

लाइसेंसधारी व्यापारियों से किया जा रहा भेदभाव

स्थानीय किसानों और व्यापारियों का यह भी कहना है कि लाइसेंसधारी व्यापारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि वैध लाइसेंस लेकर नियमों के अनुसार व्यापार करने वालों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहा, जबकि बिना निर्धारित प्रक्रिया के कुछ लोग खुलेआम अनाज का कारोबार कर रहे हैं। इससे ईमानदारी से व्यापार करने वाले लाइसेंसधारी व्यापारी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कृषि विभाग, मंडी प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

5 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन जारी

शहपुरा नवभारत 30 जुलाई। तहसील अध्यक्ष जागेश्वर परस्ते ने जानकारी देते हुई बताया कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ के द्वारा पटवारी संवर्ग के कैडर रिव्यू सहित पांच सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 15 जुलाई से प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय उक्त आंदोलन में जिला डिण्डौरी सहित तहसील शहपुरा के समस्त पटवारी भी उक्त आंदोलन में शामिल होकर आंदोलनरत है, जिसकी सूचना मुख्यमंत्री, जिलाधीश और तहसीलदार को पूर्व में दी जा चुकी है। आंदोलन के विभिन्न चरणों के तहत 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा, जबकि मांगें पूरी नहीं होने पर 3 अगस्त से कलमबंद हड़ताल शुरू की जाएगी।

ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु का मार्गदर्शन अनिवार्य है : गर्ग

जोगीग्वारा विद्यालय में मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व

डिंडौरी, करंजिया 30 जुलाई। एकीकृत माध्यमिक विद्यालय जोगीग्वारा, विकास खंड करंजिया, जिला डिंडौरी में मध्यप्रदेश सरकार एवं कार्यालय कलेक्टर, जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी के निर्देशों के परिपालन में गुरू पूर्णिमा पर्व बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख रामकुमार गर्ग द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन से हुआ। इसके पश्चात बाल कैबिनेट के

प्रधानमंत्री इशांत पेन्दो एवं उपप्रधानमंत्री केशमा बंजारा द्वारा आचार्य संदीपनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने आचार्य चाणक्य की गुरु भक्ति का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार उनकी शिक्षा से चंद्रगुप्त मौर्य अखंड भारत के सम्राट बने। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सांदीपनी गुरु से और भगवान श्री राम ने गुरु वशिष्ठ से शिक्षा प्राप्त की है। इससे स्पष्ट है कि ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु का मार्गदर्शन अनिवार्य है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए-कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गुरु महिमा पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों एवं शिक्षकों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें खीर, पूरी, सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।इस पावन अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

32 में से 29 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

ताला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

मानपुर नवभारत 30 जुलाई। विश्व बाघ दिवस के अवसर पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, ताला में पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा का संदेश देते हुए विविध जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 32 रक्तदाताओं का पंजीयन किया गया, जिनमें से 29 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय, जिला चिकित्सालय उमरिया के ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, विनीत साहू, प्रेमप्रकाश यादव, राजकुमार यादव सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर सिविल सर्जन डॉ. के. सी. सोनी के निर्देशन में जिला रक्त केंद्र, उमरिया की टीम द्वारा आयोजित किया गया।

रक्तदाताओं को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

रक्तदान उपरांत सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके इस मानवीय योगदान की सराहना की गई। इस

अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान के समान है। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई। शिविर में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ अनुपम सहाय ने स्वयं रक्तदान किया।

दौरा | मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नदी उद्गम स्थलों पर किया पूजन व पौधरोपण, बैगा ग्रामीणों से किया संवाद

नदी उद्गम स्थलों के संरक्षण से ही सुरक्षित होगा भविष्य

डिंडौरी, नवभारत 30 जुलाई। मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड के ग्राम कबीर चबूतरा स्थित करमण्डल नदी, ग्राम बरथना स्थित सिवनी नदी तथा वनग्राम ठाड़पथरा स्थित चकरार नदी के उद्गम स्थलों पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया।

उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करते हुए कहा कि नदी उद्गम स्थलों का संरक्षण प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। मंत्री पटेल ने वनग्राम ठाड़पथरा में बैगा जनजाति के ग्रामीणों से आत्मीय संवाद

किया तथा बैगा समाज के बुजुर्गों का तिलक लगाकर सम्मान किया।

जल, जंगल और जमीन का संरक्षण बैगा समाज का हिस्सा

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बैगा सहित सभी विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की छोटी-छोटी नदियां मां नर्मदा को समृद्ध बनाती हैं। जल, जंगल और जमीन का संरक्षण बैगा समाज की पारंपरिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

रानी दुर्गावती कन्या आश्रम का किया निरीक्षण

दौरे के दौरान मंत्री पटेल ने ग्राम पंडरीपानी स्थित रानी दुर्गावती कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार जनजातीय समाज के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत हैं।

जिला विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा : धुर्वे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि डिंडौरी जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है।

नीलदास आश्रम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे व ग्रामीणों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

करंजिया, नवभारत 30 जुलाई। अमरकंटक से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम बोदर के समीप कर्मंडल नदी तट पर स्थित नीलदास आश्रम एवं हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था कराने की मांग तेज हो गई है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत करंजिया के ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने में अनिमेष विश्वास की प्रमुख भूमिका रही। उनके साथ सियाराम साहू,



तरुण रनवास, देवदत्त शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर नर्मदा परिक्रमा का प्रथम पड़ाव है-ज्ञापन में बताया गया कि कर्मंडल नदी स्थित श्री नीलदास आश्रम एवं हनुमान मंदिर नर्मदा दक्षिण तट परिक्रमा का प्रथम पड़ाव है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिक्रमावासी और श्रद्धालु पहुंचते हैं। बावजूद इसके, यहां रात्रि विश्राम और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है

ठहरने व भोजन व्यवस्था की मांग की-ग्रामीणों ने मंत्री से मांग की है कि मंदिर परिसर में शासन स्तर पर यात्रियों के ठहरने एवं भोजन की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल से नीलदास आश्रम में आवश्यक सुविधाएं विकसित कराने का आग्रह किया।